तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

3 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कमरों में भरा बारिश का पानी, मची अफरा-तफरी



## खबर संक्षेप

### गौ सरंक्षण को लेकर जन जागरण कार्यक्रम आज

**मनेन्द्रगढ़।** गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान के उद्देश्य से गौ सम्मान अभियान के अंतर्गत सोमवार 27 जुलाई को मनेन्द्रगढ़ में भव्य जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान से जुड़े रवि सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य गौ माता के संरक्षण, संवर्धन और सम्मान के प्रति समाज में व्यापक जनजागरूकता पैदा करना तथा शासन-प्रशासन का ध्यान इस महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना है। राहुल जायसवाल, शिवम श्रीवास, आकाश विश्वकर्मा, अंकित शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत प्रातः 10:30 बजे सभी गौभक्त एवं नगरवासी श्री राम मंदिर, मनेन्द्रगढ़ में एकत्रित होंगे। इसके बाद श्री.राम मंदिर से भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण प्रारंभ होगा। श्रद्धालु गौ माता के सम्मान में जयघोष करते हुए शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से यात्रा निकालेंगे। नगर भ्रमण श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर पीडब्ल्यूडी चौक होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय, एमसीबी पहुंचेगा। वहां अभियान के प्रतिनिधिमंडल द्वारा गौ सम्मान अभियान से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से गौवंश की सुरक्षा, संरक्षण एवं उनके बेहतर रखरखाव के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की जाएगी। रवि सिंह ने बताया कि यह अभियान किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक भावना से प्रेरित होकर आयोजित किया जा रहा है।

### महिलाओं ने एक दिन में रोपे 20 हजार पौधे



**बैकुंठपुर।** मोर गांव मोर पानी महा अभियान में हिस्सेदारी करते हुए कोरिया जिले ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ा कदम उठाया। कोरिया में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के आवाहन पर जिले की महिलाओं ने एक ही दिन में 20 हजार पौधे लगा दिए और बिना किसी शोर शराबे के बड़ा काम सहज तरीके से पूरा कर दिया गया। इसकी शुरूआत ग्राम पंचायत किशोरी से हुई जहाँ बच्चों ने चार हेक्टेयर भूमि पर एक हजार फलदार पौधे लगाए। मोर गांव मोर पानी महा अभियान में हिस्सेदारी करने के लिए कोरिया में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित हुआ। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने एक आवाहन किया और स्व सहायता समूह से जुड़ी हजारों महिलाओं ने एक दिन में ही 20 हजार पौधों को लगाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया। जिला पंचायत सीईओ श्री योगेंद्र श्रीवास ने बताया कि भूजल संवर्धन और वर्षा जल संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का बड़ा महत्व है। इसी कड़ी में कोरिया जिले में समूह से जुड़ी महिलाओं ने जल संरक्षण और कैच द रेन प्रोग्राम को को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रयास करते हुए अपनी निजी भूमि पर भी पौधे लगाकर इस आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है। डिजिटल मीडिया के इस आधुनिक दौर में कोरिया की नारी शक्ति भी बराबरी से भागीदारी कर रही है। इस बार कैच द रेन प्रोग्राम के अंतर्गत लगाए गए 20 हजार पौधों के रोपण के साथ महिलाओ ने डिजिटल जन-जागरूकता अपनाते हुए अपनी पौधरोपण की सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा कर अन्य लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। यह अन्य लोगों के लिए बेहद प्रेरक रहा।

**जिलेभर के मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में**

### 30 से शुरु होगा सावन का पवित्र माह, शिवालयों में उमड़ेगी आस्था की लहर

# 23 साल बाद इस बार सावन सोमवार और नागपंचमी का दुर्लभ संयोग

**बैकुण्ठपुर।** भगवान भोलेनाथ की आराधना का सबसे पवित्र और पुण्यदायी महीना सावन 30 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। रक्षाबंधन के दिन 28 अगस्त तक चलने वाले इस पावन मास को लेकर पूरे कोरिया-एमसीबी जिले में धार्मिक उत्साह का माहौल है।

शिवालयों में साफ-सफाई, रंग-रोगन, विद्युत सजावट और विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिले के बैकुण्ठपुर, सोनहत, पटना, खड़गवां, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, जनकपुर सहित जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस बार का सावन धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लगभग 23 वर्षों बाद सावन के सोमवार को नागपंचमी का दुर्लभ संयोग बन रहा है। धमाचार्यों के अनुसार ऐसा संयोग भगवान शिव और नागदेव दोनों की संयुक्त कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ अवसर माना




जाता है। यही कारण है कि इस बार सावन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सावन माह में प्रतिदिन सुबह से ही शिव मंदिरों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय मंत्र के जाप का सिलसिला शुरू हो जाएगा। शिवभक्त बेलपत्र, धतूरा, भांग, आक के फूल, शमी पत्र, गंगाजल, शहद, दही और पंचामृत से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। अनेक श्रद्धालु पूरे महीने व्रत रखेंगे, जबकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु केवल सावन सोमवार का व्रत कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस वर्ष सावन के सोमवार को नागपंचमी का पर्व पड़ने से सोमवती नागपंचमी का दुर्लभ संयोग बन रहा है। सोमवार भगवान शिव का प्रिय दिन माना जाता है और नागदेव उनके गले का आभूषण हैं। धमाचार्यों का कहना है कि यह संयोग भगवान शिव और नागदेव दोनों की कृपा प्राप्त करने का उत्तम अवसर है। इस दिन की गई पूजा, दान और व्रत का फल सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक माना गया है।

### ग्रह बाधाओं से मुक्ति का श्रेष्ठ अवसर

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नागपंचमी का दिन कालसर्प दोष, राहु-केतु जनित बाधाओं, पितृ दोष तथा अन्य ग्रह संबंधी कष्टों की शांति के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। इस दिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र का जाप और नागदेव की पूजा करने से जीवन में आने वाली अनेक बाधाएं दूर होती हैं तथा सुख-समृद्धि और आरोग्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु इस अवसर पर अन्न, वस्त्र और अन्य सामग्री का दान भी करेंगे।

### चार सोमवार का रहेगा विशेष महत्व

इस वर्ष सावन में कुल चार सोमवार पड़ेंगे। प्रत्येक सोमवार को जिले के शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहला सोमवार 3 अगस्त, दूसरा सोमवार 10 अगस्त, तीसरा सोमवार 17 अगस्त, चौथा सोमवार 24 अगस्त और 28 अगस्त को रक्षाबंधन के साथ सावन माह का समापन होगा।

### कांवड़ यात्रा और जलाभिषेक की भी रहेगी धूम

सावन के दौरान अनेक शिवभक्त पवित्र नदियों और जल स्रोतों से जल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ रहने की संभावना है। प्रशासन और मंदिर समितियां भीड़ प्रबंधन, पेयजल, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियों में जुटी हुई हैं। धमाचार्यों के अनुसार सावन केवल पूजा-अर्चना का महीना नहीं, बल्कि संयम, सेवा, दान, तप और आध्यात्मिक साधना का भी पर्व है। मान्यता है कि इस माह में श्रद्धापूर्वक भगवान शिव की आराधना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य का वास होता है।

# 28 करोड़ राजस्व का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- अब तक सिर्फ 5 करोड़ का राजस्व

राज्य शासन के पंजीयन विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिला पंजीयक कार्यालय कोरिया-एमसीबी को कुल 28 करोड़ रुपए के राजस्व का लक्ष्य सौंपा है।

यह लक्ष्य केवल बैकुंठपुर जिला पंजीयक कार्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि अविभाजित कोरिया जिले के अंतर्गत वर्तमान एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ और भरतपुर उप पंजीयक कार्यालय भी शामिल है। हालांकि वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के आंकड़े विभाग के लिए चिंता बढ़ाने वाले हैं। अप्रैल से जून 2026 तक की समीक्षा में पिछले वर्ष की तुलना में 5 करोड़ 62 लाख 1 हजार 74 रुपए कम राजस्व प्राप्त हुआ है। ऐसे में वर्ष के शेष महीनों में 28 करोड़ रुपए का लक्ष्य हासिल करना विभाग के लिए आसान नहीं होगा। पंजीयन शुल्क राज्य सरकार के लिए राजस्व का एक प्रमुख स्रोत माना जाता है। इसी कारण विभाग ने लक्ष्य प्राप्ति के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। कोरिया और एमसीबी के तीनों कार्यालयों ⏭ शेष पेज 4 पर



पंजीयन कार्यालय कोरिया।

### अंतिम तिमाही से बंधी उम्मीदें

पंजीयन विभाग की सबसे बड़ी उम्मीद वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही पर टिकी हुई है। हर वर्ष फरवरी और मार्च में संपत्तियों की रजिस्ट्री सबसे अधिक होती है, क्योंकि लोग अगले वित्तीय वर्ष में संभावित गाइडलाइन और शुल्क वृद्धि से पहले रजिस्ट्री कराना पसंद करते हैं। इसी कारण अंतिम दिनों में अवकाश के दौरान भी पंजीयन कार्यालय खुले रखे जाते हैं। विभाग को भरोसा है कि वर्ष के अंत तक रजिस्ट्री में तेजी आने से राजस्व संग्रहण में सुधार होगा और 28 करोड़ रुपये के लक्ष्य के करीब पहुंचने में

# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

- चुनाव के 4 माह पहले गरमाई नपा शिवपुर चरचा की सियासत

जिले के शिवपुर-चरचा नगर पालिका परिषद के चुनाव में अब महज चार माह का समय शेष है। ऐसे में नगर की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाने लगा है।

रविवार को नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष श्रीमती लालमुनी यादव के नेतृत्व में कांग्रेस ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए राजीव गांधी चौक में सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक विशाल धरना-प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन किया। दिनभर चले इस आंदोलन में नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों के साथ-साथ जिले भर से कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। धरने के माध्यम से कांग्रेस ने नगर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि लंबे समय से नगरवासी पेयजल संकट, सफाई व्यवस्था की बदहाली, बंद स्ट्रीट लाइट, जर्जर सड़कें और नालियां, जलभराव तथा कर्मचारियों के वेतन भुगतान जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन समाधान निकालने में पूरी तरह विफल रहा है। धरना स्थल को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष लालमुनी यादव ⏭ शेष पेज 4 पर




धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

## धान रोपाई करते हुए ग्रामीणों ने सुनी मन की बात



**मनेंद्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हसदेव मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें संस्करण का सामूहिक श्रवण विधानसभा क्षेत्र मनेंद्रगढ़ के बूथ क्रमांक 107 में अनूठे एवं प्रेरणादायी वातावरण में आयोजित किया गया। बरसात के मौसम में धान की रोपाई में जुटे ग्रामीणों ने खेत की मेड़ पर एकत्र होकर श्रम और राष्ट्रभावना का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। किसानों और ग्रामीणों ने अपने कृषि कार्य के बीच समय निकालकर पूरे मनोयोग से प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। कार्यक्रम में भाजपा हसदेव मंडल अध्यक्ष बबीता सिंह एवं मंडल महामंत्री भगवान दास की विशेष उपस्थिति रही।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा, बूथ अध्यक्ष सर्किल यादव, श्रवण कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, मातृशक्ति एवं युवा उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 136वें 'मन की बात' कार्यक्रम में जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, स्वच्छता, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, युवाओं के नवाचार तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले प्रेरणादायी ⏭ शेष पेज 4 पर

## समरसता संकल्प अभियान कल

**मनेंद्रगढ़।** भाजपा प्रदेश संगठन के निदेर्शानुसार गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर जिले में 'समरसता संकल्प अभियान' के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार, 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे गोंडवाना भवन, इमली गोलाई, कोल्ड स्टोर के बगल, डोमनापारा, मनेंद्रगढ़ में किया जाएगा।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य गुरु रविदास महाराज के समरसता, समानता और सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में सामाजिक समरसता को और अधिक सुदृढ़ करना है। प्रदेश संगठन के निदेर्शानुसार आयोजित इस कार्यशाला में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश से नियुक्त मुख्य वक्ता के रूप में बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े उपस्थित रहेंगे। विधायक भूलन सिंह मरावी, स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, ⏭ शेष पेज 4 पर

### 6 वीं में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग निरस्त

**बलरामपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग अधिकारी ने जानकारी दी है कि सीएम अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 14 जुलाई को जिला स्तर पर आयोजित काउंसिलिंग को निरस्त कर दिया गया है। उक्त संबंध में काउंसिलिंग के लिए चयनित सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त होने के बाद नई तिथि की सूचना दी जाएगी।

**विधायक कप रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन**

## ट्राईब्रेकर में शारदा इलेवन बनी चैंपियन, ट्रॉफी किया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

अमर कुंज क्रीड़ा मैदान में आयोजित विधायक कप रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक समापन शनिवार देर रात हुआ।

फाइनल मुकाबले में शारदा इलेवन और फुटबॉल क्लब चिरमिरी के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर रहीं, जिसके बाद मुकाबले का फैसला ट्राईब्रेकर (पेनाल्टी शूटआउट) से हुआ। ट्राईब्रेकर में शारदा इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फुटबॉल क्लब चिरमिरी को पराजित कर विधायक कप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राम नरेश राय ने की, जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना की सराहना की और विजेता तथा उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए। फाइनल मुकाबला शुरू से अंत तक रोमांच से भरपूर रहा। दोनों टीमों ने आक्रामक और संतुलित खेल का प्रदर्शन किया। निर्धारित समय में दोनों ने एक-एक गोल दागे, जिससे ⏭ शेष पेज 4 पर





प्रतियोगिता में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री के साथ खिलाड़ी।





# प्रतीक गांधी की फिल्म 'घमासान' का टीजर जारी

**मुंबई।** जी5 ने अपनी ओरिजनल फिल्म 'घमासान' का ऐलान किया है, जिसमें प्रतीक गांधी मुख्य किरदार में हैं। तिग्मांशु धूलिया द्वारा निर्देशित इस क्राइम एक्शन-ड्रामा में अरशद वारसी खलनायक 'महाराज' के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो और गोल्डन रेशियो फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। इसकी कहानी मध्य भारत के बीहड़ों की पृष्ठभूमि पर आधारित एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी (प्रतीक) और खूंखार डाकू सरगना (अरशद) के बीच आपसी टकराव पर आधारित है। इसका टीजर राजनीति, जातिगत समीकरण, अपराध, डर और सत्ता के दबदबे की झलक प्रस्तुत करता है। इसमें कानून और अपराध के बीच की सीधी टक्कर दिखाई गई है।

## लाइफ Style

# साई फिल्म का पहला भाग दिवाली पर

मणिरत्नम की अनाम फिल्म में साई के साथ मुख्य किरदार में विजय सेतुपति नजर आएंगे। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कोलकाता यात्रा का वीडियो साझा करके फैंस के बीच उत्साह जगा दिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रणबीर कपूर की पौराणिक फिल्म 'रामायण' में साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म का पहला भाग दिवाली, 2026 के अवसर पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगा, जिसका इंतजार हर किसी को है। ताजा खबर है कि अब साई अपनी अगली परियोजना में जुट गई हैं, जिसका निर्माण दिग्गज निर्माता मणिरत्नम कर रहे हैं। फिल्म का नाम तय नहीं है, लेकिन परियोजना का ऐलान इसी साल एक आधिकारिक पोस्ट के जरिए किया गया था।

***विजय सेतुपति के साथ साई ने शुरू की शूटिंग :*** मणिरत्नम की अनाम फिल्म में साई के साथ मुख्य किरदार में विजय सेतुपति नजर आएंगे। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कोलकाता यात्रा का वीडियो साझा करके फैंस के बीच उत्साह जगा दिया। बताया जा रहा है कि साई और विजय शूटिंग के लिए शहर में पहुंचे हैं। हालांकि पहले उन्होंने चेन्नई में कलाकारों के साथ कई कार्यशालाओं में भाग लिया था। इससे पहले फिल्म की शूटिंग जून में होने की खबर भी आई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को रिलीज से पहले ही बड़ा डिजिटल सौदा मिल चुका है।



## हॉलीवुड मसाला



# एबेनेजर: ए... से आई पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** जॉनी डेप अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जो हॉलीवुड में 8 साल बाद उनकी वापसी का प्रतीक है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने 23 जुलाई को अपनी आगामी फिल्म 'एबेनेजर: ए क्रिसमस कैरल' का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इसमें वह 'एबेनेजर स्क्रूज' की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जिसकी झलक टीजर में दिखाई गई है। बता दें, जॉनी को आखिरी बार फिल्म 'फैंटास्टिक बीस्ट्स' (2018) में देखा गया था, जिसके बाद से वह सिनेमा से दूर थे।



# फिल्मी पर्दे पर लौटेगी 'हैरी पॉटर' की जादुई दुनिया...

**लॉस एंजिल्स।** जादू और रोमांच की दुनिया में ले जाने वाली लोकप्रिय फ्रैंचाइजी 'हैरी पॉटर' बड़े पर्दे पर फिर लौट रही है। इस हॉलीवुड फ्रैंचाइजी की पहली किस्त 'हैरी पॉटर और फिलॉस्फर्स स्टोन' 2001 में रिलीज हुई, जिसने 25 साल पूरे कर लिए हैं। फिल्म के सिल्वर जुबली वर्ष का जश्न मनाने के लिए वार्नर ब्रदर्स इसे बड़े पर्दे पर दोबारा से ला रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि फ्रैंचाइजी की सभी 8 फिल्में दोबारा से रिलीज की जाएंगी। 'हैरी पॉटर' निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर आधिकारिक पोस्ट साझा किया है, जिसमें बताया गया है कि सीरीज को विश्वस्तर पर दोबारा से रिलीज किया जा रहा है। इसके लिए दर्शक 31 जुलाई से टिकटों को खरीद सकते हैं।



# निर्देशक सुरेश की फिल्म में आएंगी नजर

**मुंबई।** मौनी रॉय को आखिरी बार वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में देखा गया था। ताजा अपडेट है कि उनके हाथ निर्देशक सुरेश कृष्णा की एक रोमांटिक फिल्म लगी है, जिसमें वह मुख्य किरदार में नजर आएंगी। दरअसल, फिल्म 'रॉकी- द रिबेल' (2006) बनाने के बाद, सुरेश करीब 20 साल बाद एक रोमांटिक फिल्म के जरिए हिंदी निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म का निर्माण प्रेरणा अरोरा करेंगी। एक इंटरव्यू में निर्देशक ने कहा, ऐसी शख्सियत जो मुख्य किरदार के भावनात्मक भार को सहजता, सुंदरता और दृढ़ विश्वास के साथ निभा सके। हम दोनों (मैं और प्रेरणा) को सहज रूप से लगा कि मौनी रॉय इसके लिए आदर्श विकल्प हैं। वह बेहद आकर्षक, सुरुचिपूर्ण और प्रतिभावान हैं।




# 'नागबंधनम' अब ओटीटी पर दी दस्तक...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा की पैन-इंडिया फिल्म 'नागबंधम' इसी महीने 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। करीब 21 दिनों बाद ही निर्माताओं ने इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मौजूद करा दिया है, जिससे लोगों के पीस वीकेंड पर इसका लुत्फ उठाने का खास मौका होगा। फिल्म ने दुनियाभर में 27.16 करोड़ रुपये का ग्रॉस कारोबार किया था। इसका निर्देशन अभिषेक नामा ने किया है, जिसमें विराट कर्ण, नाभा नतेश और ईश्वर्या मेनन मुख्य किरदारों में है। निर्माताओं ने पुष्टि की है कि 'नागबंधनम' 24 जुलाई, 2026 से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होना शुरू हो चुकी है। उन्होंने पोस्ट के साथ में कैप्शन लिखा, 'छिपे हुए खजानों को खोजने का सफर अब शुरू होता है।' ये एक माइथोलॉजिकल फैंटेसी एडवेंचर फिल्म है।

## टीवी मसाला



# 'इंडियन आइडल 16' का ग्रैंड फिनाले आज, नहीं दिखेंगे विशाल ददलानी...

**मुंबई।** कई महीनों के परफॉर्मेंस, इमोशनल पलों और प्रेरणादायक कहानियों के बाद इंडियन आइडल सीजन 16 रविवार, 26 जुलाई को अपने ग्रैंड फिनाले के साथ खत्म होने वाला है। 'यादों की प्लेलिस्ट' थीम पर आधारित यह फिनाले संगीत, पुरानी यादों और जश्न से भरी शाम का वादा करता है, जिसमें छह फाइनलिस्ट में से कोई एक इंडियन आइडल की शानदार ट्रॉफी जीतेगा। हालांकि, 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड फिनाले में विशाल ददलानी नहीं दिखेंगे। उन्होंने खुद इसके पीछे की वजह भी बताई है। अंशिका चोनकर, ज्योतिर्मयी नायक, मनराज वीर सिंह, मायस्मे बोसू, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला ने पूरे सीजन में जजों और दर्शकों को प्रभावित करने के बाद कॉम्पिटिशन में जगह बनाई है। जज विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और बादशाह ने पूरे कॉम्पिटिशन के दौरान कंटेस्टेंट का मार्गदर्शन किया है, जबकि होस्ट आदित्य नारायण ने शो को हर पड़ाव पर आगे बढ़ाया है। ग्रैंड फिनाले में कई खास मेहमान भी शामिल होंगे। श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ जश्न मनाने के लिए उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर भी आएंगे, जिससे फिनाले और भी शानदार होने वाला है। विशाल लंबे समय से विवादों में बने हुए हैं और अब शो में अपनी गैरमौजूदगी के कारण चर्चा में हैं। जी हां, विशाल ददलानी इस शो के फिनाले में नजर नहीं आएंगे।


## 'नागिन 7' के लिए प्रियंका ने 12 घंटे की थी लगातार शूटिंग



**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने हाल ही में एकता कपूर की सुपरनैचुरल फैंटेसी सीरीज 'नागिन 7' में लीड रोल निभाकर लोगों का दिल जीता था। सीजन खत्म होने के बाद फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि फिल्ममेकर-कोरियोग्राफर फराह खान अपने पॉपुलर व्लॉग के लिए प्रियंका के घर कब जाएंगी। आखिरकार यह इंतजार खत्म हो गया। फराह के लेटेस्ट व्लॉग में प्रियंका ने 'नागिन 7' साइन करने को लेकर अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने 'बैटलग्राउंड' और शो के बीच तालमेल बिठाते हुए 12 घंटे की लंबी शिफ्ट में काम किया। प्रियंका ने बताया कि उन्होंने शुरू में 'नागिन' के लिए मना कर दिया था। उन्होंने याद करते हुए कहा, 'एकता मैम ने मुझे बिग बॉस हाउस के अंदर ही नागिन का ऑफर दिया था। बाद में उन्होंने मुझे बताया कि जब दिवाकर बनर्जी कंटेस्टेंट्स को चुन रहे थे तो उन्होंने खास तौर पर उनसे कहा था कि मुझे एलिमिनेट न करें, क्योंकि वह मुझे किसी और चीज के लिए रखना चाहती थीं।

# 'राणाबाली' के लिए दिन-रात पसीना बहा रहे देवरकोंडा

**मुंबई।** विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म 'राणाबाली' को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। इस पीरियड ड्रामा में उनके साथ रश्मिका मंदाना मुख्य किरदार में नजर आएंगी, जिसका टीजर साल की शुरुआत में आया था। हालिया अपडेट में बताया गया है कि विजय अपनी इस फिल्म के लिए कड़े प्रशिक्षण ले रहे है, जिसमें घुड़सवारी, हथियार और युद्ध कला कौशल भी शामिल है। अभिनेता द्वारा यह कड़ा प्रशिक्षण पर्दे पर बिल्कुल असली एक्शन दिखाने के लिए किया जा रहा है। एक इंटरव्यू में एक सूत्र ने कहा, इस भूमिका के लिए विजय ने गहन तैयारी में खुद को पूरी तरह से झोंक दिया। उन्होंने घुड़सवारी के मुश्किल प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया, नियंत्रण और फुर्ती में महारत हासिल की, साथ ही साथ हथियार चलाना, बंदूक चलाना और नकली गोलीबारी के प्रभावों के बीच अभिनय करना सीखा, और यह सब उन्होंने घोड़े पर सवार रहते हुए किया। उन्होंने बताया कि अभिनेता ने गहन शारीरिक परिवर्तन भी अपनाया है।




### 11 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी 'राणाबाली'

राहुल सांकृत्यान द्वारा निर्देशित पैन इंडिया फिल्म 'राणाबाली' इसी साल 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सूत्र ने बताया कि घुड़सवारी, उन्नत युद्ध तकनीक, हथियार चलाने का कौशल और एक गहन फिटनेस कार्यक्रम को मिलाकर, विजय ने खुद को नई सीमाओं तक पहुंचाया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर फ्रेम फिल्म के पैमाने और दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके अलावा, उनकी आने वाली फिल्मों में 'राउडी जनार्दन' और 'वीडीएक्स शोरयुव' शामिल हैं।

# 'ओह माय डॉग' पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची, 7 बदलावों के बाद दिया प्रमाणपत्र

**मुंबई।** निर्देशक अमित राय की फिल्म 'ओह माय डॉग' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। पंकज त्रिपाठी अभिनीत इसका ट्रेलर इसी हफ्ते यूट्यूब पर जारी किया गया था, जिसे लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। ताजा अपडेट है कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने कुछ बदलावों के बाद इसकी रिलीज को हरी झंडी दिखा दी है। साथ में यू/ए रेटिंग के साथ प्रमाणपत्र भी दिया है, जिसके चलते कम उम्र के दर्शक फिल्म को माता-पिता के मार्गदर्शन में देख सकेंगे।


***फिल्म में संशोधन करने का निर्देश :*** बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, सेंसर बोर्ड ने फिल्म की जिन सामग्री पर आपत्ति जताई, उनमें 'ट्रूकॉलर' और 'डेटॉल' जैसे ब्रांडों के नाम शामिल है। एक अपशब्द को हटाया गया है। कुत्ते से जुड़े एक दृश्य को 2 सेकेंड छोटा किया गया है, जबकि एक अन्य दृश्य में भगवान हनुमान के फोटो फ्रेम को धुंधला किया गया है। बोर्ड ने टीम को 2 अस्वीकरण जोड़ने का भी निर्देश दिया है, जिनमें से एक बाल श्रम और दूसरा मानव तस्करी पर है।



***बोर्ड के फैसले का निर्देशक ने किया सम्मान :*** एक इंटरव्यू में निर्देशक ने बोर्ड के निर्देश को व्यवहारिक बताया और कहा कि इस बार जिस तरह से काम हुआ है उससे वह खुश हैं। उन्होंने कहा, मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने मुझे ऐसे कट दिए हैं जो व्यवहारिक हैं। दरअसल, उनकी पिछली फिल्म 'ओएमजी 2' (2023) को लगभग 85 संशोधनों के बाद 'ए' प्रमाणपत्र दिया गया था। 'ओह माय डॉग' इस फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी है, जो 31 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अपूर्वा मुखीजा ने 'लॉक अप 2' में आते ही श्रद्धा को घेरा

**मुंबई।** अपूर्वा मुखीजा ने 'लॉक अप 2' में वाइल्डकार्ड बनकर एंट्री ली और बिना देर किए श्रद्धा को 2 मुंहा करार दिया। खाने की मेज पर माहौल तब गरमा गया, जब अपूर्वा ने श्रद्धा का एक वायरल वीडियो सामने रखा। यह वीडियो टायला के मुंबई कॉन्सर्ट का था, जहां श्रद्धा एक लड़के के कंधों पर नाच रही थीं। यह वीडियो पहले से ही इंटरनेट पर काफी चर्चा बटोर रहा था। श्रद्धा ने बताया कि वीडियो में जो लड़का था, वह उनके परिवार का हिस्सा था, कोई अनजान इंसान नहीं था। उनके बॉयफ्रेंड ऋषभ ने भी श्रद्धा का साथ दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कहां कि उन्हें अपनी प्रेमिका पर पूरा भरोसा है और उन्हें कभी भी उन पर शक करने की कोई वजह नहीं मिली। उन्होंने लोगों से श्रद्धा को नफरत भरे मैसेज भेजना बंद करने की अपील भी की।



# अगर नहीं देखीं मणिरत्नम की ये फिल्में, तो ओटीटी पर आज ही लें मजा

***मुंबई।** भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्देशक मणिरत्नम अपनी शानदार कहानी कहने की शैली और यादगार फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने अपने लंबे करियर में कई ऐसी फिल्में बनाई हैं, जिन्हें दर्शकों और समीक्षकों दोनों का भरपूर प्यार मिला। उनकी फिल्मों में दमदार कहानी, बेहतरीन निर्देशन और शानदार अभिनय का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। ऐसे में आइए जानते हैं मणिरत्नम की उन बेहतरीन फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।*

### 'पोन्नियिन सेल्वन 1,2' और 'बॉम्बे'

निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन' का पहले और दूसरे भाग को लोगो ने खूब पसंद किया था। इसमें ऐश्वर्या राय, विक्रम, कार्ति, जयम रवि, तृषा, शोभिता धूलिपाला और प्रकाश राज मुख्य भूमिका में हैं। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। फिल्म 'बॉम्बे' मुंबई दंगों और हिन्दू मुस्लिम की शादियों पर बनी है। इस फिल्म को हिंदी के साथ-साथ तेलुगु और मलयालम में भी रिलीज किया गया था। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### 'रोजा' और 'दिल से'

फिल्म 'रोजा' के निर्देशक मणिरत्नम हैं। अरविंद स्वामी और मधु की इस फिल्म की कहानी से लेकर गाने तक सुपरहिट हुए थे। इस फिल्म ने 1995 में बंपर कमाई की थी। इसका लुफ्त आप प्राइम वीडियो पर ले सकते हैं। फिल्म 'दिल से' एक हिट मूवी साबित हुई थी। इसमें शाहरुख खान, मनीषा कोइराला और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में थे। इस सुपरहिट फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।




### 'गुरु'

साल 2007 में रिलीज हुई मणिरत्नम की फिल्म 'गुरु' में ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म के साथ-साथ दोनों की जोड़ी को भी लोगों ने खूब पसंद किया था। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

# रणबीर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' दिवाली पर

***मुंबई।** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह है और इससे बॉक्स ऑफिस पर बड़े रिकॉर्ड बनाने की उम्मीद की जा रही है।*



## खबर संक्षेप

### पुलिस पर हमला करने के मामले में 18 के खिलाफ अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** एसईसीएल भटगांव के महान-4 खदान खोलने को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया का विरोध कर रहे ग्रामीणों और पुलिस के बीच बवाल के बाद शनिवार को स्थिति सामान्य हो गई है। क्षेत्र में तैनात किए गए पुलिस बल को हटा लिया गया है। इधर पुलिस पर हमला, तोड़फोड़ के मामले में तीन अलग अलग प्रकरण में डेढ़ दर्जन नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। बता दें कि शुक्रवार को एसईसीएल भटगांव के महान-4 मदननगर खदान के लिए भूमि अधिग्रहण और सर्वे के लिए पहुंची टीम का विरोध कर रहे ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस घटना में ग्रामीणों द्वारा किए गए हमले में डीएसपी समेत 24 पुलिसकर्मी घायल हुए थे जबकि ग्रामीणों को भी चोटें आई थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल निर्मित हो गया था। घटना के दौरान 500 से अधिक पुलिसकर्मी मौके पर तैनात थे। लाठी चार्ज और हिंसक झडप के बाद ग्रामीण अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन पर बैठ गये थे। इस घटना में घायल हुए पुलिसकर्मियों का उपचार चल रहा है और उनकी हालत फिलहाल सामने बताई जा रही है। इधर घटना के बाद शनिवार को स्थिति सामान्य हो गई। पुलिस फोर्स के वापस होने के बाद ग्रामीणों ने प्रतापपुर मार्ग को दोपहर बाद आवाजाही के लिए खोल दिया है। जबकि इस घटना के बाद प्रतापपुर थाने में अठारह नामजद प्रदर्शनकारी सहित अन्य ग्रामीणों के खिलाफ देर रात विभिन्न धाराओं में तीन अलग अलग एफआईआर दर्ज किया गया है। जिसमें एक एफआईआर एसईसीएल भटगांव के कर्मचारी कृष्ण मुरारी सिंह की ओर से जबकि दो अन्य एफआईआर खड़गवां चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सरफराज फिरदौसी, निरीक्षक अलरिक लकड़ा की ओर से दर्ज कराया गया है।

### कैदी की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत

**अम्बिकापुर।** केंद्रीय जेल में हत्या के मामले में सात साल की सजा काट रहे कैदी की उस समय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जब रिहा हुए महज दो घंटे ही हुआ था। इधर पिता के जेल से रिहा होने की सूचना पर बेटी खुशी के साथ पिता को लेने आई थी लेकिन बेटी को कहा मालूम था कि पिता को सकुशल ले जाने के बजाए शव को लेकर घर जाएगी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम खलिबा निवासी श्याम जतन साय आ. स्व. सोन साय कोरवा (66 वर्ष) 7 साल पूर्व पत्नी की हत्या के मामले में उसे सात साल की सजा सुनाई गई। न्यायालय से सजा सुनाने के बाद श्याम जतन केन्द्रीय जेल में पत्नी की हत्या में मामले में सजा काट रहा था। केन्द्रीय जेल में सात साल की सजा पूरा होने पर जेल प्रबंधन द्वारा कैदी की सजा पूरी हो जाने तथा 24 जुलाई को दिन 12.30 बजे जेल से छुटने की सूचना कैदी के परिजन को दी। इसी बीच 23 जुलाई को अचानक कैदी श्याम जतन को दस्त होना शुरू हुआ तो जेल प्रहरियों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। इधर जेल से पिता के छुटने पर बेटी सानिया पिता को लेने जेल पहुंची जहां पता चला कि श्याम जतन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती है।

### रोजाना लगता है लंबा जाम, विद्यार्थी होते हैं परेशान

# बढ़ती आबादी के बीच शहर में बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ शहर की सबसे बड़ी यातायात समस्याओं में से एक पुराने बस स्टैंड की वर्तमान स्थिति है। वर्षों से शहर के बीच संचालित हो रहा बस स्टैंड अब बढ़ती आबादी और वाहनों के दबाव के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। सबसे अधिक समस्या स्कूल खुलने और छुट्टी होने के समय देखने को मिलती है, जब पूरा क्षेत्र जाम की चपेट में आ जाता है। प्रतिदिन सुबह और दोपहर भगत सिंह तिराहा से लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तिराहे तक वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। इस मार्ग पर बसों, ऑटो, निजी वाहनों, स्कूल बसों और दोपहिया वाहनों की भारी आवाजाही रहती है।

सड़क पर कुछ मिनट का जाम देखते ही देखते आधे घंटे की परेशानी में बदल जाता है। चिंता की बात यह है कि इसी मार्ग पर जिला न्यायालय, अस्पताल, तहसील कार्यालय तथा कई महत्वपूर्ण शासकीय कार्यालय स्थित हैं। ऐसे में मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी होती है, न्यायालय आने-जाने वाले अधिवक्ताओं और पक्षकारों को परेशानी उठानी पड़ती है तथा तहसील और अन्य कार्यालयों में आने वाले नागरिक भी जाम में फंस जाते हैं।

कई बार एंबुलेंस तक को रास्ता बनाने में कठिनाई होती है, जो गंभीर चिंता का विषय है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर का विस्तार लगातार हो रहा है, लेकिन बस स्टैंड आज भी उसी स्थान पर संचालित हो रहा है, जहां वर्षों पहले यातायात का दबाव बहुत कम था। अब समय की मांग है कि शहर के बाहर पर्याप्त भूमि पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया बस स्टैंड विकसित किया जाए, जिससे शहर के भीतर भारी वाहनों का दबाव कम हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बन सके। नगरवासियों का यह भी कहना है कि बस स्टैंड के स्थानांतरण की मांग कई बार उठ चुकी है, लेकिन अब तक यह केवल चर्चा तक सीमित दिखाई देती है। लोगों का सवाल है कि आखिर इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग कब ठोस पहल करेंगे? यदि समय रहते इस दिशा में निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले वर्षों में यातायात की समस्या और विकराल हो सकती है। शहर के विकास, नागरिकों की सुविधा और आपातकालीन सेवाओं की निर्बाध आवाजाही को देखते हुए अब बस स्टैंड को शहर से बाहर स्थानांतरित करने पर गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। नगरवासियों को उम्मीद है कि जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर प्रशासन और जनप्रतिनिधि शीघ्र सकारात्मक पहल करेंगे।



# विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव शिक्षा, सम्मान और प्रेरणा का उत्सव बन गया। समारोह में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का भव्य सम्मान किया गया। इसके साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों में अहम भूमिका निभाने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच अतिथियों का तिलक लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। संस्था प्रमुख इन्द्रा सेंगर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी पूरे मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से हर विद्यार्थी सफलता की नई ऊचाईयां छू सकता है। समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेविका अनिता फरमानिया, ब्रह्मकुमारी बहन माधुरी, पर्यावरणविद् सतीश द्विवेदी एवं पार्षद गिरधर जायसवाल ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। अतिथियों ने नए एवं पुराने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और मिष्ठान वितरित कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नीट परीक्षा में चयनित मो. अयाज, ईशान कुमार सिंह, अनुराग मिश्रा, आदित्य अग्रवाल एवं निपुण जैन को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 12वीं के वर्तिका वर्मा, शिप्रा तिवारी, प्रीति एवं प्रियान्शु सिन्हा तथा कक्षा 10वीं की सिमी सिंह बघेल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा ओलम्पियाड की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कक्षा दूसरी की छात्रा दीपाली जैन तथा कक्षा तीसरी के छात्र धैर्य साहू को भी स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार देकर उनकी उपलब्धियों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पूनम सोरने ने संस्था सचिव संजय सेंगर के निर्देशन में किया। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक वी.एस. पाण्डेय, शिक्षिका अरुणिमा सिंह, शिक्षक राकेश मिश्रा, अरिहंत सोनी सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

## शिवघाट का खूबसूरत नजारा....



बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले के सोनहत मार्ग पर स्थित शिवघाट की पहाड़ियों पर इन दिनों हरियाली की अद्भुत छटा देखने को मिल रही है। पहाड़ियों पर फैले घने पेड़ और हरी भरी घाटियों को देखकर ऐसा लगता है मानो प्रकृति ने हरे-भरे कालीन बिछा दी हो। यह खूबसूरत नजारा प्रकृति के प्रति हमारे प्रेम और जिम्मेदारियों का भी एहसास कराता है।

# मध्यप्रदेश से शराब तस्करी कर रहे तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

बसदेई पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी एवं बिक्री में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 1,41,228 रुपये मूल्य की 24 पेटी अंग्रेजी शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त बुलेरो जब्त किया।



क्षेत्र में गश्त कर रहे बसदेई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नरेशपुर निवासी प्रवीण गुप्ता मध्यप्रदेश के बैढ़न क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब लेकर बुलेरो से गांव की ओर आ रहा है। सूचना पर बसदेई पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान बोलेरो क्रमांक सीजी 15 डीबी 9386 से 1,41,228 रूपये कीमत के 24 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर आरोपी कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में प्रवीण ने बताया कि मध्यप्रदेश से अंग्रेजी शराब को बैढ़न के चन्द्रभूषण यादव के पास से खरीदकर अपने साथी रावेन्द्र सिंह के लिए लेकर रहा था। रावेन्द्र सिंह को उसके हिस्से का शराब को लेने के लिए बसदेई के पास बुलाया था। जैसे ही रावेन्द्र सिंह शराब लेने वहां पहुंचा तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर बताया कि यह प्रवीण गुप्ता के पास 9 पेटी शराब मंगाया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान सप्लाई करने वाले आरोपी चन्द्रभूषण कुमार यादव को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अंग्रेजी शराब, परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो, 1 बाइक, 1 मोबाइल जब्त कर तीनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से बालिका की मौत, दो घायल

**लखनपुर।** ग्राम बिनिया निवासी प्रीति ठाकुर आ. शिक्षा प्रसाद (7 वर्ष) शनिवार को मां पुनीता ठाकुर, बहन रूमा ठाकुर (9 वर्ष), रवि ठाकुर (18 वर्ष), वृक्षा प्रसाद ठाकुर, व्रत कुंवर ठाकुर के साथ अपने में खेत में रोपा लगा रही थी। शाम लगभग 4.30 बजे अचानक मौसम खराब होने से तेज गरज चमक के साथ हल्की बारिश शुरू हुई। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली खेत में गिरने से प्रीति ठाकुर चपेट में आने से झुलस गई जबकि गाज के झटके से रूमा ठाकुर और रवि ठाकुर खेत में गिरकर अचेत हो गए। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल तीनों को उपचार हेतु अरगोती के संगवारी अस्पताल लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को लखनपुर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायलों को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत प्रीति ठाकुर को मृत घोषित कर दिया।

# हसदेव क्षेत्रीय समिति तत्काल प्रभाव से भंग

बिजुरी। कोयला मजदूर सभा (एच.एम.एस.) के महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार हसदेव क्षेत्रीय समिति को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। संगठन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि समिति के कुछ पदाधिकारियों की गतिविधियां संगठन की एकता, अनुशासन एवं संगठनात्मक मजबूती के प्रतिकूल पाई गईं, जिससे संगठन के हित प्रभावित हुए। इसी आधार पर संगठन के संविधान की धारा 23(ब) के तहत यह कार्रवाई की गई है। आदेश के अनुसार समिति के सभी पूर्व पदाधिकारियों के प्रशासनिक, वित्तीय एवं बैंकिंग संबंधी अधिकार तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिए गए हैं। अब कोई भी पूर्व पदाधिकारी संगठन के बैंक खातों का संचालन, धनराशि का आहरण, चेक जारी करने अथवा ऑनलाइन बैंकिंग सहित किसी भी प्रकार के वित्तीय लेन-देन का अधिकार नहीं रखेगा। आदेश के बाद यदि कोई वित्तीय लेन-देन किया जाता है तो उसे पूर्णतः अनधिकृत एवं अवैध माना जाएगा तथा उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। संगठनात्मक कार्यों के सुचारु संचालन के लिए आनंद कुमार मिश्रा (उपाध्यक्ष, कोयला मजदूर सभा एच.एम.एस.) को संयोजक बनाते हुए 13 सदस्यीय अंतरिम समिति का गठन किया गया है। समिति में अनूप सिंह, शोभनाथ तिवारी, अमित कुमार वर्मा, रमेश श्रीवास्तव, योगेंद्र त्रिपाठी, इंद्रजीत सिंह, पंकज सिंह, ब्रजेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, विनय सिन्हा, गोपाल नारायण सिंह, कुशमेंद्र तिवारी एवं रामपाल तिवारी को सदस्य बनाया गया है। कार्यालय आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नियमित चुनाव संपन्न होने तक अंतरिम समिति संगठन के संविधान एवं नियमों के अनुरूप हसदेव क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों का संचालन, समन्वय, सदस्यता विस्तार, श्रमिक हितों की रक्षा तथा संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक निर्णय एवं कार्रवाई करेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# विद्यार्थियों के लिए स्कूल बस संचालन की मांग

हरिभूमि न्यूज. बिजुरी

**भाजपा युवा मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन**



छात्र-छात्राओं की सुरक्षित एवं सुगम आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने बिजुरी सब एरिया के प्रभारी मित्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एसईसीएल द्वारा संचालित विद्यालय एवं कन्या विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए स्कूल बस का नियमित, व्यवस्थित एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद मुकेश जैन, युवा मोर्चा महामंत्री शिव जायसवाल (सुइया), आदेश श्रीवास्तव तथा ओम यादव शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि स्कूल बस की नियमित व्यवस्था नहीं होने से अनेक छात्र-छात्राओं, विशेषकर बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं शिक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र प्रभावी व्यवस्था किए जाने की मांग की। इस पर सब एरिया प्रभारी मित्रा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मांग पत्र के अनुरूप विद्यार्थियों के आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में एसईसीएल के महाप्रबंधक (जीएम) से चर्चा कर आवश्यक पहल की जाएगी, ताकि स्कूल बस का संचालन व्यवस्थित रूप से शुरू हो सके। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने इसे छात्रहित में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य बिजुरी क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राओं, विशेषकर बेटियों, को सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराना है, जिससे वे बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण कर सकें।

# शराब के नशे में सहायक शिक्षक पहुंचा स्कूल सरपंच सहित ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज. प्रतापपुर



शराब के नशे में सहायक शिक्षक के स्कूल आने पर ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच सहित ग्रामीणों ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई करने की मांग की।

ग्राम पंचायत पहाड़करवा के सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपे शिकायत पत्र में न केवल एक विद्यालय की स्थिति उजागर की है, बल्कि पूरे विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। शिकायत में सहायक शिक्षक पर विद्यालय में कथित रूप से नशे की हालत में पहुंचने, बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा शिक्षण कार्य प्रभावित करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोष सिद्ध होने पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय निरीक्षण के दौरान संबंधित सहायक शिक्षक कथित रूप से नशे की हालत में मिले। बच्चों ने बताया कि शिक्षक प्रतिदिन शराब के नशे में विद्यालय आते हैं, ठीक से पढ़ाने की स्थिति में नहीं रहते और उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि केवल संबंधित शिक्षक की जांच तक मामला सीमित न रखा जाए, बल्कि पूरे विकासखंड की शिक्षा व्यवस्था की स्वतंत्र समीक्षा कराई जाए। यदि किसी विद्यालय में इस प्रकार की शिकायत सामने आती है तो संबंधित निगरानी अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 28 करोड़ राजस्व...

के बीच बेहतर समन्वय, नियमित समीक्षा और ऑनलाइन पंजीयन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि राजस्व संग्रहण में तेजी लाई जा सके।

जून तक लक्ष्य से काफी पीछे विभाग- विभागीय समीक्षा के अनुसार जून 2026 तक तीनों कार्यालयों का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में बैकुण्ठपुर कार्यालय में 42.17 लाख, मनेंद्रगढ़ में 50.64 लाख तथा भरतपुर में 1.34 लाख कम राजस्व प्राप्त हुआ। कुल मिलाकर तीनों कार्यालयों में राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। विभाग ने जून तक लगभग 45 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का आंतरिक मानक तय किया था, लेकिन वर्तमान स्थिति इस लक्ष्य से पीछे है।

नई प्रॉपर्टी गाइडलाइन के सहारे बढ़ाने की कोशिश- उप पंजीयक कोरिया सुरेंद्र कुमार देवांगन ने बताया कि फरवरी माह से लागू नई प्रॉपर्टी गाइडलाइन के अनुसार रजिस्ट्री कार्य किए जा रहे हैं। राजस्व लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि वर्ष के शेष महीनों में रजिस्ट्री की संख्या बढ़े और निर्धारित लक्ष्य समयसीमा के भीतर हासिल किया जा सके।

नागरिक सुविधाओं पर भी विशेष फोकस- विभाग ने राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ नागरिक सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी है। उप पंजीयक के अनुसार कार्यालयों में आने वाले पक्षकारों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए पारदर्शी और सरल व्यवस्था विकसित की जा रही है। ऑनलाइन पंजीयन प्रणाली के माध्यम से दस्तावेजों का त्वरित पंजीयन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

विभाग के सामने है बढ़ी चुनौती- पहली तिमाही के कमजोर प्रदर्शन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस वर्ष पंजीयन विभाग के सामने केवल लक्ष्य हासिल करने की चुनौती नहीं, बल्कि घटते राजस्व की भरपाई करने की भी जिम्मेदारी है। यदि आगामी महीनों में भूमि और संपत्ति की खरीद-फरोख्त में अपेक्षित तेजी नहीं आई, तो निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करना कठिन हो सकता है। ऐसे में विभाग की रणनीति, ऑनलाइन व्यवस्था और अंतिम तिमाही का प्रदर्शन ही तय करेगा कि 28 करोड़ रुपए का लक्ष्य कितना सफलतापूर्वक पूरा हो पाता है।

### जनसमस्याओं को लेकर...

ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण शिवपुर-चरचा की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि कई बार ज्ञापन सौंपे गए, बैठकों में मुद्दे उठाए गए और जनसमस्याओं की जानकारी अधिकारियों को दी गई, लेकिन किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। यही कारण है कि जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए कांग्रेस को सड़क पर उतरना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि नगरवासियों के अधिकारों और मूलभूत सुविधाओं के लिए है। यदि प्रशासन अब भी नहीं जागा तो आंदोलन को और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। धरने के दौरान कांग्रेस ने नगर पालिका प्रशासन के समक्ष 8 प्रमुख मांगें रखीं। धरना एवं आमसभा में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष श्रीमती लालमुनी यादव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, वेदांती तिवारी, अजय सिंह, चन्द्रप्रकाश राजवाड़े, दीपक गुप्ता, हेमसागर यादव, भूपेंद्र यादव, रामाधार टोप्पो, विक्रांत सिंह, विक्रम सिंह, जागृत कुर्रे, सत्यनारायण मोदी सहित अन्य मौजूद रहे।

### धान रोपाई करते...

प्रयासों का उल्लेख करते हुए प्रत्येक नागरिक से राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। भाजपा हसदेव मंडल अध्यक्ष सुश्री बबीता सिंह ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों लोगों को जोड़ने वाला प्रेरणा का सशक्त माध्यम है। यह कार्यक्रम समाज के प्रत्येक वर्ग को सकारात्मक सोच और राष्ट्रहित में कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करता है। बरसात की हरियाली, धान के लहलहाते खेत और किसानों के बीच आयोजित यह सामूहिक श्रवण कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणा का केंद्र बना।

### समरसता संकल्प अभियान...

भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यशाला में गुरु रविदास महाराज के विचारों, सामाजिक समरसता, संगठन की आगामी गतिविधियों तथा समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के विषय पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### ट्राईब्रेकर में शारदा...

मैदान में मौजूद दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। इसके बाद ट्राईब्रेकर में शारदा इलेवन के खिलाड़ियों ने संयम और सटीकता का परिचय देते हुए जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवनशैली का आधार हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती हैं तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं। महापौर राम नरेश राय ने विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को बधाई देते हुए कहा कि चिरमिरी की धरती खेल प्रतिभाओं से समृद्ध है। यदि खिलाड़ियों को निरंतर अवसर और प्रोत्साहन मिलता रहा तो यहां के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएंगे।

